| | | | |
|---|---|---|---|
| **SRI BHAGAWAN MAHAVEER JAIN COLLEGE**<br>Vishweshwarapuram, Bangalore.<br>**Mock Exam 2018** | | **Course:** | I PUC |
| | | **Subject:** | HINDI |
| | | **Max. Marks:** | 100 |
| | | **Duration:** | 3:00 |

**सूचना: (i) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है।**
**(ii) प्रश्नों को संख्या के अनुसार लिखना आवश्यक है।**

I **अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **6 x 1 = 6**

१) थाली उठाकर किसने पलट दी ?
२) प्रत्येक आत्मा क्या है ?
३) 'मूगा टेस्ट' किसे कहते हैं?
४) सबसे ऊँचे स्थान पर बना हुआ मंदिर कौन–सा है ?
५) राष्ट्र का सुखदायी रूप क्या है?
६) वैद्य परमानन्द हर बीमारी के लिए कौन–सी दवा देते हैं ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3 x 3 = 9**

७) आनंदी का चरित्र–चित्रण कीजिए ।
८) 'निन्दा रस' निबंध का आशय अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए ।
९) लंडन के गोलमेज सम्मेलन में अंबेडकर जी ने किन विषयों पर प्रकाश डाला ?
१०) हृदय रोग से बचने व काबू पाने के लिए क्या–क्या एहतियात बरतने चाहिए?
११) राष्ट्र निर्माण में जन का क्या योगदान होता है ?

II**अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ?** **4 x 1 = 4**

१२) अब मेरा मुँह नहीं देखना चाहते, इसलिए अब मैं जाता हूँ ।
१३) 'कहिए, दिल जम गया या बच गया' ।
१४) थर्ड डिवीज़नर के लिए दुनिया में कोई जगह नहीं है ।
१५) तुम भी खा लेना, गाय को भी खिला देना ।

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :** **2 x 3 = 6**

१६) 'उठो, जागो और तब तक रुको नहीं, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।'
१७) 'तुम नयी अम्मा को पुरानी अम्मा क्यों नहीं कहती, फिर वे न नयी रहेगी और न डाँटेगी।'
१८) 'हम हरगिज़ नहीं मानते कि कागज़ की तीन लकीरों के कारण हम लोग नालायक हैं।'
१९) 'उन सबका मूल आधार पारस्परिक सहिष्णुता और समन्वय पर निर्भर है।'

III **अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **6 x 1= 6**

२०) कबीरदास के अनुसार किसकी जाति नहीं पूछनी चहिए ।
२१) श्रीकृष्ण के चरण कमल कैसे हैं ?
२२) पत्थर तोड़ती नारी के तन का रंग कैसा था?
२३) कवि ने दिवास्वप्न की रानी किसे कहा है ?
२४) कवि अपने मित्र का स्वागत कैसे करता है?
२५) स्वार्थी संसार क्या याद नहीं रखता है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2 x 3 = 6**

२६) बसवेश्वर के विचारों को स्पष्ट कीजिए ।
२७) सीता जी अपनी कुटिया में कैसे परिश्रम करती थी ?
२८) 'प्रतिभा का मूल बिन्दू' कविता का भाव संक्षेप में लिखिए।
२९) नारी के शक्ति रुपों का वर्णन कीजिए ।

**इ) संदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :** **4 x 2 = 8**

३०) पर्वत पर बसाकर घर, जंगली जानवरों से क्या डरना ?
सागर किनारे बसाकर घर लहरों से क्या डरना ?
हाट में बसाकर घर, शोरगुल से क्या डरना ?
चन्नमल्लिकार्जुन सुनो,
जगत में जन्म लेने पर, स्तुति–निंदा से क्या डरना ?
मन में क्रोध न करके समचित्त रहना चाहिए ।

**अथवा**

मोर–पखा सिर ऊपर राखिहौं, गुंज की माला गरें पहिरौंगी ।
ओढ़ि पितम्बर लै लकुटी बन, गोधन ग्वारनि संग फिरौंगी ॥
भावतो वोहि मेरो 'रसखानि' सो तेरे कहें सब स्वांग करौंगी ।
या मुरली मुरलीधर की, अधरान–धरी अधरा न धरौंगी ॥

३१) दुःख से जीवन बीता फिर भी ।
शेष अभी कुछ रहता,
जीवन की अंतिम घड़ियों में
भी तुम से यह कहता।

**अथवा**

जीवन में न निराशा मुझको,
कभी रूलाने को आई।
'जग झूठा है' यह विरक्ति भी,
नहीं सिखाने को आई॥

**IV अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **1 x 6 = 6**

३२) बालक की आँखें किसकी सौगन्ध खा रही थीं ?
३३) मनुष्य सबसे अधिक प्रेम किससे करता है ?
३४) प्रभा की सगाई किनके साथ हुई ?
३५) दरवाजा लॉक करते समय चन्द्रप्रकाश ने किसका जोड़ा देखा?
३६) जहाँ चाह होती है वहाँ क्या बनने लगती है?
३७) किसकी शादी तय हो गई थी?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3 x 3 = 9**

३८) शराबी एक रुपए से क्या खरीदना चाहता था और बाद में क्या खरीद लिया ?
३९) श्मशान ने आह भरकर पहाड़ी से क्या कहा ?
४०) 'खून का रिश्ता' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।
४१) दिल्ली में शीत लहर के प्रकोप का वर्णन कीजिए ।
४२) हिन्दी अखबार 'नई दुनिया' में छपे विज्ञापन के बारे में लिखिए ।
४३) सिद्धेश्वरी की आँखों से आँसू क्यों टपकने लगे ?

**V अ) वाक्य शुद्ध कीजिए :** **1 x 5 = 5**

४४) क) हलवाई ने मुझे दूध पिया ।
ख) हम आमों को खा रहे हैं ।
ग) पुलिस हरि पर आरोप लगाया।
घ) सिपाही कमर कसा बैठा है ।
ङ) केवल यहाँ दो पुस्तकें रखी हैं ।

**आ) कोष्ठक में दिये गये उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए : 1 x 5 = 5**

**(के, ने, का, में, पर)**

४५ (i) कुछ लोग थर्ड डिवीजनर्स जिंदाबाद---------नारे लगा रहे हैं।

(ii) अर्जुन------ फल खाया ।

(iii) वैध जी एक कुर्सी-----बैठे हैं।

(iv) घर------ अनाज खतम हो गया।

(v) ये लोग हम लोगों-----हक मार रहे हैं।

**इ) निम्नलिखित मुहावरो को अर्थ के साथ जोडकर लिखिए : 1 x 4 = 4**

४६.(i) अपनी खिचडी अलग पकाना — अ) जगह-जगह भटकना ।

(ii) कलम तोड़ना — आ) भयभीत होकर रहना

(iii) भीगी बिल्ली बनना — इ) साथ मिलकर न रहना

(iv) दर-दर फिरना — ई) लिखने में कमाल करना

**ई) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : 1 x 3 = 3**

४७.(i) उसने अध्यापक से बात की । (वर्तमान काल में बदलिए)

(ii) अजय तिलमिला उठेगा। (भूतकाल में बदलिए)

(iii) बूढों को देख युवक हँसते हैं । (भविष्यत काल में बदलिए)

**उ) अन्य लिंग रुप लिखिए : 1 x 2 = 2**

४८. नर, सम्राट

**ऊ) अन्य वचन रुप लिखिए : 1 x 2 = 2**

४९. तोप, परी

**ए) समानार्थक शब्द लिखिए : 1 x 2 = 2**

५०. तालाब, साँप

**ऐ) विलोम शब्द लिखिए : 1 x 2 = 2**

५१. उत्तीर्ण, पक्का

VI **अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 1 x 5 = 5**

५२. भारत में अनेक भाषाओं को बोलने वाले लोग रहते हैं । इसलिए हमारे संविधान में अट्ठारह भाषाओं को मान्यता प्रदान की गई है । हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा है । इसका उद्‌भव संस्कृत भाषा से, माना जाता है, ज़ान विज़ान और तकनीकी शब्दावली से समृद्‌ध यह भाषा १४ सितंबर १९४९ को 'राजभाषा' घोषित की गई । यह दिन हर वर्ष 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है ।

**प्रश्नः**

१) भारतीय संविधान में कितनी भाषाओ की मान्यता दी गई है?

२) हमारे देश की राष्ट्रभाषा कौन सी है ?

३) हिन्दी भाषा का उद्‌भव किस भाषा से माना जाता है?

४) 'हिन्दी दिवस' हर वर्ष कब मनाया जाता है ?

५) गद्‌यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए ।

**आ) बीमारी के कारण परीक्षा न दे सकने पर प्रधानाचार्य को 'चिकित्सा अवकाश' के लिए एक आवेदन –पत्र लिखिए ।**

**अथवा**

**'अपने जन्म-दिवस पर मित्र द्‌वारा भेजे गए उपहार के लिए धन्यवाद पत्र लिखिए । 1 x 5 = 5**

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 1 x 5= 5**

५४.क) India is a rich cultured country.

ख) Unity is our strength.

ग) We must have courage to face difficult situations in life.

घ) Kannada is our state language.

ङ) There is a church in between the two houses.

******